लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3621

17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

कपास उत्पादक

3621. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र कपास और वस्त्र उद्योग के प्रमुख उत्पादकों में से एक है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सरकार ने महाराष्ट्र में सहयोगात्मक नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए तकनीकी वस्त्र पार्क शुरू किए हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्रत्येक वस्त्र पार्क को 24X7 घंटे सतत कार्य करने वाले कौशल विकास केंद्र चलाना अपेक्षित है और यह भी सच है कि सरकार ने सभी क्षेत्रों में समान सब्सिडी सहायता के साथ महाराष्ट्र के सभी संभागों में छह तकनीकी वस्त्र पार्क विकसित करने की योजना की घोषणा की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): महाराष्ट्र कपास का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है तथा भारत में वस्त्र उद्योग का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है।

सरकार ने वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला हेतु एकीकृत बड़े पैमाने की और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के उद्देश्य से, वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए अमरावती महाराष्ट्र सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया है।

महाराष्ट्र इंटीग्रेटेड एंड सस्टेनेबल टेक्सटाइल पॉलिसी 2023-28 तकनीकी वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करती है जिसमें पूंजीगत सब्सिडी, ईटीपी, सीईटीपी, जेडएलडी और सोलर प्लांट की स्थापना के लिए सहायता शामिल है। यह नीति सामान्य सुविधा केंद्रों की स्थापना और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने को भी प्रोत्साहित करती है।

इस नीति के अनुसार, महाराष्ट्र ने सभी क्षेत्रों में समान सब्सिडी सहायता के साथ, पूरे महाराष्ट्र में छह तकनीकी वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए कई प्रकार के प्रोत्साहन शुरू किए हैं।

वस्त्र मंत्रालय देश भर में संगठित क्षेत्र (कताई और बुनाई को छोड़कर) और सम्बद्ध क्षेत्रों में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए मांग आधारित, रोजगार उन्मुख राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रैमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और पारंपरिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन प्रदान करने के उद्देश्य से समर्थ - वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना को क्रियान्वित कर रहा है।

****